# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

Web - www.janjgir-champa.nic.in Email :cgayushjanjgir@gmail.com

क्र./स्था./2022/1907 जांजगीर दिनांक 22-8-2022

## विज्ञापन

संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ के पत्र क्र./07/02/रा.आ.मि./2021/4209 रायपुर दिनांक 03.12.2021 के अनुसार इस जिले में आयुष योगा वेलनेस सेन्टर हेतु 01 योग सहायक(संविदा) के पद हेतु छ.ग. के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र दिनांक 30.09.2022 को सायं 5.00 तक आमंत्रित किये जाते है। रिक्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. | पद का नाम | अनारक्षित | आर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | | |
| 1 | योग सहायक (संविदा) | 01 | आठवी परीक्षा उत्तीर्ण | 8000/– प्रतिमाह |

**शैक्षणिक योग्यता :**

1. शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से आठवी परीक्षा उत्तीर्ण।

**योग सहायक के मुख्य कार्य :–**

1. प्रतिदिन योगाभ्यार्थियों हेतु योगामेट, दरी इत्यादि का बिछाना, साऊण्ड सिस्टम लगाना एवं प्रशिक्षण उपरांत सुव्यवस्थित कर संधारित करना।
2. आयुष योगा वेलनेस सेंटर में साफ–सफाई की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभाना।
3. योग प्रशिक्षक की अनुपस्थिति में केन्द्र की व्यवस्था बनाये रखना।
4. समय–समय पर योग चिकित्सक एवं अधिकारियों द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करना।

**आयु सीमा :–**

1. उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित को दृष्टिगत रखते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।
2. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्यपिछड़ावर्ग/महिला/विधवा/परित्यक्ता, तलाकशुदा /विकलांग एवं संविदा कर्मचारी आदि को अधिकतम आयु सीमा में शासन द्वारा नियमानुसार देय अतिरिक्त छुट का लाभ प्राप्त होगा। किन्तु इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3–1/2016/1–3 नया रायपुर, दिनांक 11.01.2017 के अनुसार केवल छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय महिलाओं के लिए उच्चतर आयु में 10 वर्ष की छुट होगी।
4. किसी भी उम्मीद्वार को एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयु 45 से अधिक नहीं होगी।

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :–**

वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची का स्व प्रमाणित छायाप्रति सहित उम्मीद्वार का आवेदन दिनांक 30.09.2022 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, जांजगीर चांपा (छ.ग.) जिला पंचायत के सामने थवाईत प्राविजन स्टोर्स के बगल जर्वे रोड जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) पिन कोड 495668 के पते पर अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए, व्यक्तिगत रूप से सीधे जमा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा तथा डाक अथवा अन्य किसी कारणवश विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं जावेगा।

**चयन प्रक्रिया :–**

1. कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
2. समतुल्यता का प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

**आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश :–**

1. आवेदन पत्र विज्ञापन में दर्शाये प्रारूप अनुसार A4 साईज में किया जावे। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से बिना काट–छांट के साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिए, आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है।
2. लिफाफे के ऊपर योग सहायक के पद के लिए आवेदन तथा विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे। आवेदक का नाम व पता स्पष्ट रूप से अनिवार्यतः लिखा जावे।
3. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

Scanned with CamScanner

4. जन्मतिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी, तथा ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।
6. योग सहायक की सेवा संविदा नियम के तहत् शासित होगी।
7. मासिक समेकित एक मुश्त संविदा मानदेय दिया जावेगा।
8. संविदा नियुक्ति स्थान विशेष हेतु ही की जावेगी, किसी भी दशा में स्थानांतरण की पात्रता नहीं होगी।
9. संविदा नियुक्ति में योग सहायक को प्रतिमाह निश्चित मानदेय दिया जायेगा तथा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।
10. संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिए की जावेगी। भारत सरकार की स्वीकृति अनुरूप तथा विभाग की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए संविदा पर नियुक्ति की उपयुक्तता का आकलन कर नवीनीकरण किया जा सकेगा।
11. उम्मीदवार का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं मार्गदर्शित सिद्धांतो तथा मापदण्डो के आधार पर जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर–चांपा(छ.ग.) द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जावेगा।
12. विज्ञप्ति जारी होने के पूर्व का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
13. विकलांगता की श्रेणी ज्ञानेन्द्रियों की तथा किसी भी हाथ की विकलांगता सन्निहित नहीं होगी।
14. विकलांग उम्मीदवार का सक्षम अधिकारी द्वारा नवीनतम विकलांग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. आवेदित पद की चयन सूची जारी होने पर यदि पाया जाता है कि आवेदक द्वारा चयन के किसी भी स्तर पर असत्य जानकारी दी गई है अथवा सारभूत जानकारी छिपाई गई है, तो दोषी पाया जाने पर आवेदक की सेवाएं समाप्त की जावेगी तथा आवेदक के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जायेगा।
16. विवाहित महिला उम्मीदवारों का नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधित दस्तावेज/शपथ पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
18. उम्मीदवारों के स्वयं का स्वसत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो आवेदन में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावे।
19. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
20. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान है, जिसमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
21. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में निर्णय लेने का सम्पूर्ण अधिकार कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर–चांपा (छ.ग.) का होगा।
22. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर–चांपा (छ.ग.) जिला पंचायत के सामने पिन कोड 495668 के पते पर भेजे जावें।
23. स्वयं कार्यालय में सीधा आवेदन करने वाले, नियुक्ति की सिफारिश करने वाले अथवा किसी भी प्रकार का दबाव डलवाने वाले आवेदक का आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।
24. चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

उक्त विज्ञापित पदो के संबंध में समय–समय पर आमंत्रित किये जाने वाले दावा–आपत्ति की सूचना, मेंरिट सूचियां तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना इत्यादि की घोषणा संस्था के सुविधा अनुसार तिथियों पर की जायेगी। सूचना समाचार पत्रों तथा कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जायेगा।

कृपया महोदय से अनुरोध है कि विज्ञापन प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला –जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# आवेदन प्रारूप

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला पंचायत के सामने
थवाईत प्रविजन स्टोर्स के बगल जर्वे रोड जांजगीर,
जिला जांजगीर –चांपा (छ.ग.) 495668

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ स्वप्रमाणित फोटो चिपकाएं

1. आवेदित पद का नाम :– ....................
2. विज्ञप्ति क्रमांक व दिनांक :– ....................
3. आवेदक का नाम :– ....................
4. पिता/पति का नाम :– ....................
5. जन्म तिथि :– (अंकों में) .................... शब्दों में ....................
6. 01.01.2022 को आपकी आयु :– वर्ष .................... माह .................... दिन ....................
7. राष्ट्रीयता :– ....................
8. आवेदक की श्रेणी :– ....................
9. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा छुट चाहता है? यदि हॉ तो किस आधार पर :– ....................

( उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

10. स्थायी पता :– ....................
....................
11. वर्तमान पता :– ....................
(पत्र व्यवहार हेतु) ....................
12. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

.13. वर्तमान एवं पूर्व में सेवारत होने का विवरण :– ....................
14. रोजगार कार्यालय का नाम :– ....................
पंजीयन क्र. एवं दिनांक :– ....................
15. क्या आप विवाहित है हां/नहीं :– ....................
16. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– ....................

Scanned with CamScanner

17. जीवित बच्चों की संख्या :– ..................................................................................................................................

| क्रमांक | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

18. संलग्नों की सूची :

1. ................................................................ 2. ........................................................ 3. ..................................................

4. ................................................................ 5. ........................................................ 6. ..................................................

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्णतः सही है। यदि कोई भी जानकारी असत्य या गलत पायी जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा चयन अथवा नियुक्ति भी निरस्त की जा सकेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर
आवेदक का नाम

Scanned with CamScanner